(a) अपरोक्ष (b) अपादान
(c) अपवाद (d) अपमान
उत्तर (b) : Uttarakhand S.I., Exam. 2015

84. निम्नलिखित में से 'रुढ़' शब्द कौन सा है?
(a) पंकज (b) विद्यालय
(c) जलज (d) कमल
उत्तर (d) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

85. 'इक' प्रत्यय लगाने पर "सप्ताह" का रुप क्या होगा?
(a) सप्ताहिक (b) साप्ताहिक
(c) साप्तहिक (d) सप्तहिक
उत्तर (b) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

86. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय नहीं है?
(a) गुणवान (b) दूजा
(c) इकहरा (d) दुबला
उत्तर (d) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

87. "अभ्यागत" शब्द में उपसर्ग है-
(a) अभि (b) अ
(c) अभ्य (d) अंभ
उत्तर (a) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

88. "उन्नीस" शब्द में उपसर्ग है-
(a) उत् (b) उत
(c) उन (d) उन्
उत्तर (c) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा-2015

89. 'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना शब्द-
(a) वेचारिक (b) विचारिक
(c) विचौरिक (d) वैचारिक
उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा- 2015

90. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुःखी है-
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा- 2015

91. निम्न में से कौन-सा 'लुटेरा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है?
(a) एरा (b) रा
(c) आ (d) इरा
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. सम्मिलित सहायक लेखाकार व लेखा परीक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा- 2015

92. निम्नलिखित पद में कौन-सा पद 'वैया' प्रत्यय लगाने से बना है?
(a) रवैया (b) डटैया
(c) खवैया (d) बचैया
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. Lower-III, Exam. 2016

93. 'लालटेन' शब्द निम्न वर्गों में से किस वर्ग में आता है-
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज
उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. Lower-III, Exam. 2016

94. 'आंशिक' शब्द में प्रत्यय क्या है?
(a) अ (b) क
(c) इक (d) शिक
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2016

awillguru.com

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

C. टिकटघर (iii) देशज शब्द
D. सौंप (iv) संकर शब्द

कूटः

	A	B	C	D
(a)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(b)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(c)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(d)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)

उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

37. 'उच्चारण शब्द में उपसर्ग है-

(a) उ (b) उच्
(c) उत् (d) उच्च

उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

38. 'रिपोर्ताज' किस भाषा का शब्द है?

(a) फ्रांसीसी (b) अंग्रेजी
(c) पुर्तगाली (d) जापानी

उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

39. 'कारतूस' किस भाषा का शब्द है -

(a) अरबी (b) फ़ारसी
(c) फ्रैंच (d) तुर्की

उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2010

40. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'उपसर्ग' है ?

(a) लालिमा (b) पराजय
(c) दशक (d) कारीगर

उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

41. 'आलपीन' और ' गमला' किस विदेशी भाषा के शब्द हैं?

(a) फ्रेंच (b) पुर्तगाली
(c) अंग्रेजी (d) जापानी

उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

42. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं

(a) 6 (b) 3
(c) 8 (d) 4

उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

43. अभिधा शब्द शक्ति में-

(a) वाच्यार्थ प्रकट होता है (b) लक्ष्यार्थ प्रकट होता है
(c) व्यंग्यार्थ प्रकट होता है (d) विचित्र अर्थ प्रकट होता है

उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

44. दो भिन्न भाषाओं के मेल से बना शब्द कहलाता है-

(a) तद्भव (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर

उत्तर (d) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

45. निम्नलिखित में योगरूढ़ शब्द चुनिए-

(a) पीला (b) चक्रपाणि
(c) दूधवाला (d) नैन

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

46. 'घुड़सवार' शब्द निम्न में से क्या है?

(a) रूढ़ शब्द (b) योगरूढ़ शब्द
(c) यौगिक शब्द (d) निरर्थक शब्द

उत्तर (c) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

47. 'अजायबघर' है-

(a) देशी शब्द (b) तत्सम शब्द
(c) विदेशी शब्द (d) संकर शब्द

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

48. वर्णों के उस समूह को, जिससे कोई निश्चित अर्थ निकलता हो, कहा जाता है-

(a) शब्द (b) वर्ण
(c) वर्ण-समूह (d) वक्तव्य

उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2014, II[nd] Paper

49. 'सुत्' शब्द को स्त्रीवाचक बनाने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग होगा?

(a) ईया (b) ई
(c) इक (d) अ

उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2014, II[nd] Paper

50. 'लेखक' शब्द के अन्त में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है?

(a) क (b) इक
(c) आक (d) अक

उत्तर (d) : U.P.T.E.T.-2013, II[nd] Paper

51. 'अभिशाप' शब्द में उपसर्ग चुनिए-

(a) अति (b) अधि
(c) आ (d) अभि

उत्तर (d) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

52. 'दुस्साहस' शब्द का उपसर्ग चुनिए-

(a) दुस् (b) दुर
(c) दु (d) स

उत्तर (a) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

53. 'सजावट' शब्द का प्रत्यय बताइए-

(a) आव (b) आवट
(c) आहट (d) टा

उत्तर (b) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

54. धातु में प्रत्यय जोड़ने से बने शब्द कहलाते हैं-

(a) विशेषण (b) कृदन्त
(c) क्रिया (d) तद्धितांत

उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

55. निम्नांकित में किस शब्द का निर्माण उपसर्ग से नहीं हुआ है?
(a) अवसाद (b) उन्नति
(c) सज्जन (d) प्रहार
उत्तर (*) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

56. निम्नलिखित में प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है-
(a) बोली (b) भाषा
(c) पिपासा (d) अंकुर
उत्तर (d) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

57. निम्नलिखित में प्रत्यय युक्त शब्द नहीं है-
(a) सादर (b) सावधान
(c) स्वभाव (d) समझदार
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

58. 'इक' उपसर्ग के प्रयोग से बना शब्द है-
(a) अनन्त (b) अन्वेषण
(c) अवैतनिक (d) अपेक्षा
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2013, II[nd] Paper

59. किसी के सामने....मेरी आदत नहीं है।
(a) हाथ फैलाना (b) अंगारों पर पैर रखना
(c) नाकों चने चबाना (d) पत्थर की लकीर खींचना
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

60. वाक्य में प्रयुक्त शब्द को कहते हैं-
(a) लिपि (b) पद
(c) शब्दांश (d) भाषा
उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

61. .....बोलो, कोई सुन लेगा' वाक्य में रिक्त स्थानों पर आएगा
(a) जोर से (b) गाकर
(c) चीखकर (d) धीरे
उत्तर (d) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

62. वाक्य में शब्दों का क्रम निर्धारित होता है-
(a) पदक्रम से (b) भाषा से
(c) छंद से (d) अलंकार से
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

63. 'उद्देश्य' और 'विधेय' किसके अंग है?
(a) वाक्य (b) रचना
(c) शब्द (d) अर्थ
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

64. तेंदुलकर ने एक ओवर में पाँच छक्के लगाए' इस वाक्य में उद्देश्य है-
(a) छक्के (b) तेंदुलकर
(c) ओवर (d) पाँच
उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

65. 'वहाँ मोहन के.....कोई नहीं था' वाक्य में रिक्त स्थानों पर प्रयुक्त होगा-
(a) या (b) और
(c) अलावा (d) अथवा
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

66. 'हमें सफलता मिलने तक प्रयास करना चाहिए'
(a) समुच्चयबोधक अव्वय (b) क्रिया विशेषण
(c) सम्बन्ध बोधक अव्वय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

67. 'सलमा घर जाती है- वाक्य है-
(a) सरल वाक्य (b) निषेधात्मक वाक्य
(c) आज्ञार्थक वाक्य (d) इच्छार्थक वाक्य
उत्तर (a) : H.T.E.T.-2013, I[st] Paper

68. 'मेरा मित्र राकेश बहुत अच्छा चित्रकार है'- इस वाक्य में विभेद है-
(a) मेरा मित्र (b) चित्रकार
(c) बहुत अच्छा चित्रकार (d) बहुत अच्छा
उत्तर (d) : H.T.E.T.-2013, I[st] Paper

69. वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यत: कितने प्रकार से होता है?
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam. 2016

70. 'मिलनसार' शब्द में कौन सा प्रत्यय निहित है?
(a) मन्द (b) बन्द
(c) पोश (d) सार
उत्तर (d) : B.Ed. Exam. 2016

71. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं?
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6
उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam. 2016

72. अविकारी शब्द क्या होता है?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) अव्यय (d) विशेषण
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2016

73. उपसर्ग का प्रयोग होता है-
(a) शब्द के आदि में (b) शब्द के मध्य में
(c) शब्द के अन्त में (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2016

74. "मिठास" शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(a) मीठा (b) ठास
(c) आस (d) प्यास
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. V.D.O. Exam. 2016

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

95. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?

(a) अपवाद (b) पराजय

(c) प्रभाव (d) ओढ़ना

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. Lower-III, Exam. 2016

96. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए-

(a) काम समाप्त करो और जाओ

(b) उसने गलत काम करके अपयश कमाया।

(c) यदि काम पूरा करोगे तो जुर्माना होगा।

(d) पानी न बरसने पर सूखा पड़ जाएगा।

उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा-2016

97. 'राम ने कहा कि मैं घर जाऊँगा' में ''घर जाऊँगा'' कौन-सा वाक्य है?

(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य

(c) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

98. 'काजू' शब्द का सम्बन्ध किस भाषा से है?

(a) जापानी भाषा (b) चीनी भाषा

(c) फ्रांसीसी भाषा (d) पुर्तगाली भाषा

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. अमीन परीक्षा, 2016

99. कौन-सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है?

(a) पैगम्बर (b) बेगम

(c) चेचक (d) बारूद

उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. Lower-III, Exam., 2016

100. 'सुमित्रा' में प्रत्यय होगा-

(a) आ (b) अ

(c) इत्रा (d) त्रा

उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

101. निम्न में से कौन-सा वाक्य मिश्रवाक्य नहीं है?

(a) यह वही बच्चा है जिसे बैल ने मारा।

(b) एक विज्ञान गोष्ठी हुई जिसमें अनेक वक्ता बोलें।

(c) वह परिश्रमी ही नहीं वरन् ईमानदार भी है।

(d) मैंने एक पुस्तक खरीदी जो नई है

उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा- 2016

102. 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन-सा उपवर्ग है?

(a) बहि (b) बहिर्

(c) बहिर (d) बहिस

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. कनिष्ठ सहायक परीक्षा- 2016

103. किस शब्द में उपसर्ग नहीं हैं?

(a) अपवाद (b) पराजय

(c) प्रभाव (d) ओढ़ना

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. Lower-III., Exam., 2016

104. निम्नलिखित में विकारी शब्द कौन-सा है?

(a) आज (b) लड़का

(c) इधर (d) परन्तु

उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा-2016

105. निम्नलिखित में संकर शब्द कौन-सा है?

(a) आतिशबाजी (b) लफंगा

(c) नारिकेल (d) चुगलखोर

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. चकबन्दी (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

106. 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(a) हावत (b) वत

(c) कह (d) आवत

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. Lower-III., Exam., 2016

107. 'परा' उपसर्ग का अर्थ है-

(a) भीतर (b) उल्टा

(c) बाहर (d) आस-पास

उत्तर (b) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा-2016

108. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए-

(a) आप बताएँ कि आपकी समस्या क्या है?

(b) मैं तुम्हारे साथ व्यापार करना चाहता हूँ।

(c) उसने खाना खाया और सो गया।

(d) परिश्रम करके सफलता प्राप्त करो।

उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (द्वितीय पाली) परीक्षा-2016

109. इनमें से क्या 'उपसर्ग' नहीं है?

(a) अ (b) चिर

(c) प्रति (d) इका

उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा-2016

110. परिमाणवाचक क्रिया विशेषण वाक्य को चिह्नित कीजिए-

(a) हमें बड़ों से आदरपूर्वक बात करनी चाहिए।

(b) पानी कल से बरस रहा है।

(c) रात को कम खाना चाहिए।

(d) चिड़िया को बाहर मारे जाने का डर है।

उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. आबकारी सिपाही (प्रथम पाली) परीक्षा-2016

111. 'राम आम खाता है' में वाच्य का कौन-सा रूप है?

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य

(c) भाववाच्य (d) उभयवाच्य

उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016

www.awillguru.com

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

112. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है-
(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।
(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।
(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।
(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C.V.D.O. Exam., 2016

113. पिता ने समझाया कि सदा सत्य बोलना चाहिए। यह वाक्य उदाहरण है
(a) सरल वाक्य का (b) इच्छावाचक वाक्य का
(c) मिश्र वाक्य का (d) आज्ञावाचक वाक्य का
उत्तर (c) : U.P.T.E.T., Exam., 2016

114. 'अत्याचार' शब्द में उपसर्ग है-
(a) आ (b) अत्
(c) अति (d) अत्या
उत्तर (c) : U.P.T.E.T., Exam., 2016

115. 'अज्' शब्द को स्त्रीवाचक बनने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग होगा?
(a) ईय (b) इक
(c) आ (d) ई
उत्तर (c) : U.P.T.E.T., Exam., 2016

116. 'जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा-
(a) जो कवि होते हैं, वे लोकप्रिय होते हैं।
(b) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।
(c) कवि लोकप्रिय होते हैं और सम्मानित होते हैं।
(d) कवि लोकप्रिय होते हैं इसलिए सम्मानित होते हैं।
उत्तर (b) : U.P. S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक, परीक्षा 2015

117. 'आचार्यों ने कहा है कि अहिंसा ही परम धर्म है' संरचना के आधार पर वाक्य भेद बताएँ-
(a) सरल वाक्य (b) उपवाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य
उत्तर (d) : U.P. S.S.S.C. अमीन परीक्षा 2016

118. शब्द होते हैं-
(a) स्वर एवं व्यंजनों के मेल
(b) ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समुदाय
(c) स्वरों के मेल
(d) निरर्थक और सार्थक शब्दों के मेल
उत्तर (b) :

119. शब्द भाषा की कैसी इकाई है?
(a) स्वतंत्र (b) सार्थक
(c) स्वतंत्र एवं सार्थक इकाई (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) :

120. निश्चित अर्थ को प्रकट करने वाले वर्ण-समूह को क्या कहते हैं?
(a) वाक्य (b) ध्वनि
(c) स्वर (d) शब्द
उत्तर (d) :

121. सामान्यतः शब्द के कितने प्रकार होते हैं?
(a) 4 (b) 2
(c) 5 (d) 3
उत्तर (b) :

122. बनावट के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?
(a) 3 (b) 2
(c) 5 (d) 6
उत्तर (a) :

123. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद नहीं है?
(a) तत्सम/तद्भव (b) देशज/विदेशज्
(c) संज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) :

124. आगत शब्द से संबंधित है-
(a) विदेशी शब्द (b) देशी शब्द
(c) तत्सम शब्द (d) तद्भव
उत्तर (a) :

125. शब्दांश कितने प्रकार के होते हैं?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4
उत्तर (b) :

126. रचना के आधार पर रूढ़ शब्द नहीं है-
(a) दिन (b) आँख
(c) विज्ञान (d) घोड़ा
उत्तर (c) :

127. योगरुढ़ शब्दों की पहचान करें।
(a) घर (b) मुँह
(c) पीताम्बर (d) सामाजिक
उत्तर (c) :

128. विकल्प में दिए हुए शब्दों में से किस शब्द का तद्भवीकरण नहीं हुआ है-
(a) अफ़सर (b) लालटेन
(c) कप्तान (d) हॉस्पिटल
उत्तर (d) :

129. कौन-सा शब्द अरबी नहीं है-
(a) इज़लास (b) क़िस्मत
(c) कातिल (d) कमीना
उत्तर (d) :

130. कौन-सा शब्द फारसी नहीं है-
(a) खामोश (b) कबूतर
(c) चिराग (d) हक
उत्तर (d) :

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

131. तुर्की शब्द नहीं है-
(a) कालीन (b) चकमक
(c) आमदनी (d) अजब
उत्तर (d) :

132. शब्द-शक्ति के प्रकार नहीं है-
(a) अभिधा (b) तत्सम
(c) लक्षणा (d) व्यंजना
उत्तर (b) :

133. चार विकारी शब्द से संबंधित भेद नहीं है-
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) समुच्चयबोधक
उत्तर (d) :

134. जिन शब्दों कोई बदलाव नहीं आता, वह है-
(a) विकारी शब्द (b) अविकारी शब्द
(c) एकार्थी (d) अनेकार्थी
उत्तर (b) :

135. निम्नलिखित में पुनरुक्त/द्विरुक्त शब्द कौन-सा है?
(a) पीताम्बर (b) हनुमान
(c) साथ-साथ (d) जीवन-मरण
उत्तर (c) :

- निर्देश : *निम्नलिखित वाक्य खण्ड में उद्देश्य व विधेय की पहचान करें।*

136. 'अर्जुन ने कर्ण को मारा' में उद्देश्य की पहचान करें।
(a) कर्ण को (b) मारा
(c) अर्जुन ने (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) :

137. 'मैंने उसे पीटा' इस वाक्य में विधेय की पहचान करें।
(a) मैंने (b) उसे
(c) उसे पीटा (d) उपरोक्त सभी
उत्तर (c) :

138. रचना के आधार पर वाक्य के भेद नहीं है।
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य (d) उद्देश्य
उत्तर (d) :

139. वाक्य के कितने अंग होते हैं?
(a) उद्देश्य (b) विधेय
(c) उद्देश्य व विधेय (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) :

140. जिस वाक्य में केवल एक ही उद्देश्य व एक ही विधेय होता है, वह है-
(a) सरल वाक्य/साधारण वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य (c) मिश्रित वाक्य
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) :

141. 'राकेश पढ़ता है।' यह कैसा वाक्य है?
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) :

142. संयुक्त वाक्य को पहचानिए-
(a) राम पुस्तक पढ़ रहा है।
(b) शिल्पी पत्र लिखती है।
(c) धर्मेन्द्र ने भोजन किया।
(d) वह सुबह गया और शाम को लौट आया।
उत्तर (d) :

143. 'यदि परिश्रम करोगे तो, उत्तीर्ण हो जाओगे।' किस प्रकार का वाक्य है?
(a) सरल वाक्य/साधारण वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित/मिश्र वाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (c) :

144. आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं?
(a) 2 (b) 4
(c) 3 (d) 1
उत्तर (c) :

145. आश्रित उपवाक्य से संबंधित नहीं है।
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) क्रियाविशेषण उपवाक्य
(c) विशेषण उपवाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (d) :

146. जब आश्रित उपवाक्य किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के स्थान पर आता है तब वह कौन सा उपवाक्य कहलाता है?
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रियाविशेषण उपवाक्य (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) :

147. 'मैंने दूध पिया।'' किस प्रकार का वाक्य है?
(a) विधानवाचक (b) निषेधवाचक
(c) आज्ञावाचक (d) प्रश्नवाचक
उत्तर (a) :

148. 'गौरव तुम बैठ कर पढ़ो।' किस प्रकार का वाक्य है?
(a) निषेधवाचक (b) विधानवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) आज्ञावाचक
उत्तर (d) :

149. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य निषेधवाचक नहीं है?
(a) मैंने दूध पिया।
(b) मैंने दूध नहीं पिया।
(c) मैंने खाना नहीं खाया।
(d) तुम मत लिखो।
उत्तर (a) :

www.awillguru.com

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

150. विधानार्थक वाक्य किसे कहते हैं?

(a) जिस वाक्य से किसी बात के न होने का बोध हो।
(b) जिस वाक्य से आज्ञा देने का बोध हो।
(c) जिस वाक्य में किसी बात का होना पाया जाय।
(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (c) :

151. इच्छार्थक वाक्य किसे कहते हैं?

(a) जिस वाक्य से आशीष के भाव का बोध हो।
(b) जिस वाक्य से संकेत का बोध हो।
(c) जिस वाक्य से संदेह का बोध हो।
(d) जिस वाक्य से प्रश्नवाचक भाव प्रकट हो।

उत्तर (a) :

152. अर्थानुसार वाक्य के भेद हैं।

(a) 2 (b) 5
(c) 8 (d) 10

उत्तर (c) :

153. 'भगवान तुम्हें लम्बी उम्र दें।' किस प्रकार का वाक्य है?

(a) प्रश्नार्थक वाक्य (b) इच्छार्थक वाक्य
(c) संकेतार्थक वाक्य (d) विस्मयादिबोधक वाक्य

उत्तर (b) :

154. व्याकरणिक दृष्टि से भाषा की सबसे बड़ी इकाई है।

(a) वर्ण (b) वाक्य
(c) स्वर (d) व्यंजन

उत्तर (b) :

155. वाक्य में मुख्य आधार या वाक्य की आवश्यकताएँ कौन मानी जाती हैं?

(a) आकांक्षा, योग्यता, आसक्ति, पद क्रम
(b) साधारण वाक्य, मिश्रित वाक्य
(c) कर्ता, क्रिया, कर्म (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (a) :

156. हिन्दी वाक्य में साधारणतः संरचना क्रम की प्रवृत्ति मिलती हैं।

(a) कर्त्ता-क्रिया-कर्म (b) कर्त्ता-कर्म-क्रिया
(c) कर्म-कर्त्ता-क्रिया (d) क्रिया-कर्म-कर्त्ता

उत्तर (b) :

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

3 शब्द रूप

शब्द रूप

- **पद/शब्द रूप-** 'शब्द' की सत्ता वाक्य से बाहर है। वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पद' या 'शब्द रूप' कहलाता है।
- जब भी शब्द वाक्य में प्रयुक्त होगा, उसमें 'पद' या 'शब्द रूप' बनाने वाला **कोई-न-कोई प्रत्यय अवश्य लगेगा।**
- प्रकार्य तथा वाक्य में प्रयुक्त होने की दृष्टि से एक ही शब्द के हमें अनेक 'शब्द रूप' प्राप्त हो सकते हैं, जैसे-'लड़का' शब्द से बने 'लड़का' (**शून्य प्रत्यय**), 'लड़के' (**ए-प्रत्यय**), लड़को (**ओ-प्रत्यय**), लड़कों (**ओं-प्रत्यय**) आदि।
- 'पद' या 'शब्द रूप' का संबंध एक ओर शब्द से है तो दूसरी ओर वाक्य से, क्योंकि वाक्य में प्रयुक्त शब्द ही 'पद' है।

प्रश्न : लिंग किसे कहते हैं?

उत्तर : 'लिंग' शब्द अंग्रेजी के 'Gender' शब्द के लिए प्रयुक्त होता है। लिंग शब्द का अर्थ है **चिन्ह** या **पहचान** का साधन। ***'शब्द के जिस रूप से यह पता चले कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का, उसे व्याकरण में लिंग कहते हैं।'***

- हिंदी में दो लिंग हैं- **पुंलिंग** और **स्त्रीलिंग**। प्रत्येक संज्ञा शब्द या तो पुंलिंगवाची होगा अथवा स्त्रीलिंगवाची, क्योंकि बिना लिंग से जुड़े वह वाक्य में प्रयुक्त नहीं हो सकता। वाक्य में क्रिया का रूप संज्ञा के लिंग (तथा वचन) के अनुसार बदलता है, जैसे- **'घोड़ा दौड़ता है/घोड़ी दौड़ती है।'** साथ ही अनेक विशेषण शब्द भी संज्ञा के लिंग के अनुसार परिवर्तित होते हैं, जैसे- 'काला घोड़ा /काली घोड़ी'।
- **उभयलिंगी शब्द-** कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं जिनका प्रयोग दोनों लिंगों (पुंलिंग तथा स्त्रीलिंग) में हो सकता है। इन शब्दों में लिंग परिवर्तन नहीं होता, जैसे- प्रधानमंत्री, मंत्री, इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर आदि। उदाहरण-
  1. प्रधानमंत्री पधार रहे हैं। 2. डॉक्टर घर चली गई हैं।
  3. लंका की प्रधानमंत्री कल विदेश जा रही हैं।
  4. डॉक्टर बुला रहे हैं।

1- 'आनी' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द (अ → आनी / आणी)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
नौकर	नौकरानी	क्षत्रिय	क्षत्राणी
जेठ	जेठानी	चौधरी	चौधरानी
मेहतर	मेहतरानी	मुग़ल	मुग़लानी
देवर	देवरानी	भव	भवानी

2. 'आइन' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द (अ, आ, ई, ऊ, ए → आइन)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
पंडित	पंडिताइन	पंडा	पंडाइन
ठाकुर	ठकुराइन	हलवाई	हलवाइन
चौधरी	चौधराइन	ओझा	ओझाइन
बाबू	बबुआइन	चौबे	चौबाइन

3. 'ई' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द (अ, आ→ ई)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
लड़का	लड़की	घोड़ा	घोड़ी
गूँगा	गूँगी	बच्चा	बच्ची
कबूतर	कबूतरी	रस्सा	रस्सी
पहाड़	पहाड़ी	तरुण	तरुणी
हरिण	हरिणी	देव	देवी
गोप	गोपी	नर्तक	नर्तकी

- 'आ' अंत वाले शब्दों में 'आ' का लोप हो जाता है और उनके स्थान पर - 'ई' प्रत्यय लग जाता है।

4. '-इया' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द (आ→ इया)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
बूढ़ा	बुढ़िया	चूहा	चुहिया
चिड़ा	चिड़िया	बंदर	बंदरिया
बेटा	बिटिया	डिब्बा	डिबिया
गुड्ढा	गुड़िया	कुत्ता	कुतिया

- कुछ 'अ/आ' अन्त वाले शब्दों के 'अ/आ' का लोप हो जाता है तथा उनके स्थान पर -**'इया' प्रत्यय** आ जाता है। इसके साथ-साथ :
  - मूल शब्द का पहला स्वर ह्रस्व हो जाता है।
  - यदि मूल शब्द में व्यंजन द्वित्व है (कुत्ता) तो एक व्यंजन का लोप हो जाता है (कुतिया)।

5. इन प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द - मूल शब्द के अंतिम स्वर का लोप हो जाता है और उसके स्थान पर -'इन' प्रत्यय आ जाता है-

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
कुम्हार	कुम्हारिन	जुलाहा	जुलाहिन
नाई	नाइन	पड़ोसी	पड़ोसिन
लुहार	लुहारिन	चमार	चमारिन
सुनार	सुनारिन	नाग	नागिन

6. 'नी' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द (अ- अनी)

www.awillguru.com

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
शेर	शेरनी	चोर	चोरनी
मोर	मोरनी	भील	भीलनी

7. **'इनी' प्रत्यय से बनने वाले स्त्रीलिंग शब्द** (अ, ई- इनी / इणी) : शब्दांत में 'अ' आने वाले शब्दों में - **'नी' प्रत्यय 'अ'** के स्थान पर आ जाता है। परन्तु कुछ शब्दों में जिनके अंत में 'ई' स्वर आता है- 'नी' प्रत्यय लगने से पूर्व ई → 'इ' (ह्रस्व स्वर) में बदल जाता है। जैसे-

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
हाथी	हथिनी	स्वामी	स्वामिनी
तपस्वी	तपस्विनी	अभिमानी	अभिमानिनी
हंस	हंसिनी	यशस्वी	यशस्विनी
एकाकी	एकाकिनी	हितकारी	हितकारिणी

8. **इका प्रत्यय जोड़कर** (अक- इका)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
संयोजक	संयोजिका	परिचायक	परिचायिका
गायक	गायिका	बालक	बालिका
नायक	नायिका	पाठक	पाठिका
लेखक	लेखिका	अध्यापक	अध्यापिका

9. **कुछ संज्ञा शब्द जिनके अंत में - 'वान/मान' आते हैं उनके स्थान पर 'वती/मती' स्त्री प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते हैं।** जैसे -

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
गुणवान	गुणवती	भगवान	भगवती
भाग्यवान	भाग्यवती	शक्तिमान	शक्तिमती
श्रीमान	श्रीमती	सत्यवान	सत्यवती
बुद्धिमान	बुद्धिमती	पुत्रवान	पुत्रवती

10. **कुछ शब्दों में मूल शब्द स्त्रीलिंगवाची होते हैं और उनमें प्रत्यय जोड़कर पुंलिंग रूप बनाए जाते हैं।** जैसे-

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
मौसा	मौसी	बहनोई	बहन
जीजा	जीजी	ननदोई	ननद

हिंदी में कुछ स्त्री प्रत्यय संस्कृत से आए हैं और उसी के अनुसार हिन्दी में स्त्रीलिंग शब्द बनते हैं। जैसे -

11. **'आ' प्रत्यय जोड़कर** (अ-आ)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
प्रिय	प्रिया	पूज्य	पूज्या
छात्र	छात्रा	शूद्र	शूद्रा
सुत	सुता	बाल	बाला
प्रियतम	प्रियतमा	आचार्य	आचार्या

12. **कुछ तत्सम शब्दों में 'ता' को 'त्री' करने से** (ता-त्री)

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
कर्ता	कर्त्री	धाता	धात्री
वक्ता	वक्त्री	विधाता	विधात्री
दाता	दात्री	नेता	नेत्री
अभिनेता	अभिनेत्री	रचयिता	रचयित्री

13. **'नित्य' पुंलिंग या 'नित्य' स्त्रीलिंग शब्दों में मादा या नर शब्द लगाने से -**

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
नर मक्खी	मक्खी	नर चील	चील
नर छिपकली	छिपकली	नर कोयल	कोयल
भेड़िया	मादा भेड़िया	खरगोश	मादा खरगोश
गैंडा	मादा गैंडा	भालू	मादा भालू

14. **भिन्न रूप वाले स्त्रीलिंग शब्द -**

हिंदी में अनेक संज्ञा शब्द ऐसे भी हैं जिनके पुंलिंग और स्त्रीलिंग शब्दों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है। जैसे-

पुंलिंग	स्त्रीलिंग	पुंलिंग	स्त्रीलिंग
भाई	भाभी	कवि	कवयित्री
नर	मादा/नारी	वर	वधू
विद्वान	विदुषी	पति	पत्नी
नपुंसक	बाँझ	बिलाव	बिल्ली
साधु	साध्वी	वीर	वीरांगना
मियाँ	बीवी	बुआ	फूफा

पुल्लिंग

परिभाषा– जिन संज्ञा शब्दों से पुरूष जाति का बोध हो अथवा जो शब्द पुरूष जाति के अन्तर्गत माने जाते हैं, वे पुल्लिंग हैं जैसे– कुत्ता, लड़का, घर, पेड़, सिंह आदि

स्त्रीलिंग

परिभाषा– जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का बोध हो अथवा जो शब्द स्त्री जाति के अन्तर्गत माने जाते हैं, वे स्त्रीलिंग हैं। जैसे– गाय, घड़ी, लड़की, कुर्सी, छड़ी, नारी आदि।

पुल्लिंग की पहचान–

1. **आ, आव, पा, पन, न**– ये प्रत्यय जिन शब्दों के अंत में हों, वे प्रायः पुल्लिंग होते हैं।
   जैसे– मोटा, चढ़ाव, बुढ़ापा, लड़कपन, लेन–देन।
2. **पर्वत, मास, वार और कुछ ग्रहों, के नाम पुल्लिंग होते हैं।**
   जैसे– विन्ध्याचल, हिमालय, वैशाख, सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध आदि।
3. **पेड़ों के नाम पुल्लिंग होते हैं।**

www.awillguru.com

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

जैसे–पीपल, नीम, आम, शीशम, सागौन, जामुन, आदि।

4. **अनाजों के नाम पुल्लिग होते हैं।**
   जैसे– बाजरा, गेहूं, चावल, चना, मटर, जौ, उड़द, आदि।
5. **द्रव पदार्थों के नाम पुल्लिग होते हैं।** जैसे– पानी, सोना, ताँबा, लोहा, घी, तेल आदि।
6. **रत्नों के नाम पुल्लिग होते हैं।**
   जैसे– हीरा, पन्ना, मूंगा, मोती माणिक आदि।
7. **देह के अवयवों के नाम पुल्लिग होते हैं।** जैसे– मस्तक, दाँत, हाथ, कान, गला, तालु, रोम आदि।
8. **जल, स्थल और भूमण्डल के भागों के नाम पुल्लिग होते हैं।** जैसे– समुद्र, भारत, देश, नगर, द्वीप, आकाश, पाताल, घर, सरोवर आदि।
9. **वर्णमाला के अनेक अक्षरों के नाम पुल्लिग होते हैं।** जैसे– अ, उ, ए, ओ, क, ख, ग, ध, च, छ, य, र, ल, व , श आदि।

नित्य पुल्लिंग शब्द– तोता, मच्छर, कौवा, विच्छू आदि।

स्त्रीलिंग की पहचान

1. जिन संज्ञा शब्दों के अंत में **'ख'** होता है, तो स्त्रीलिंग कहलाते हैं। जैसे– ईख, भूख, चोख, राख आदि।
2. जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में **ट, वट या हट** होता है, वे **स्त्रीलिंग** कहलाती हैं।
   जैसे– झंझट, आहट, चिकनाहट, बनावट, सजावट आदि।
3. अनुस्वारांत, ईकारांत, ऊकारांत, तकारांत, सकारांत, संज्ञाएं स्त्रीलिंग कहलाती हैं।
   जैसे– रोटी, टोपी, नदी, चिट्ठी, उदासी रात, बात, छत, भीत, लू, साँस आदि।
4. **भाषा, बोली** और **लिपियाँ** के नाम **स्त्रीलिंग** होते हैं। जैसे– हिन्दी, संस्कृत देवनागरी, पहाड़ी, तेलुगु, पंजाबी।
5. जिन शब्दों के अंत में **'इया'** आता है, वे **स्त्रीलिंग** होते हैं। जैसे–कुटिया, खटिया, लुटिया, चिड़िया आदि।
6. **नदियों** के नाम **स्त्रीलिंग** होते हैं। जैसे– यमुना, गंगा, गोदावरी, ताप्ती आदि।
7. **तिथियों** के नाम **स्त्रीलिंग** होते हैं। जैसे– पहली, दूसरी, प्रतिपदा, पूर्णिमा आदि।
8. **पृथ्वी ग्रह स्त्रीलिंग** है।
9. **नक्षत्रों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।**
   जैसे–अश्विनी, रोहिणी, भरणी आदि।

- **नित्य स्त्रीलिंग शब्द–** कोयल, मैना, चील आदि।
- **शब्दों का लिंग–परिवर्तन** –पुंल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाने के लिए जो चिन्ह लगाये जाते हैं, वे **स्त्री प्रत्यय** कहलाते हैं। इनमें से कुछ **प्रमुख प्रत्यय** इस प्रकार हैं–
  ई, इया, इन, नी, आनी, आइन, आ, इका, इनी (इणी) आदि।

वचन परिवर्तन

संज्ञा शब्दों की रूपावली का अध्ययन करते समय आपने पढ़ा था कि हिन्दी में मूल शब्दों के बहुवचन रूप प्रायः शून्य (0), '-ए', '-एँ' तथा '-आँ' प्रत्यय लगाकर बनाए जाते हैं। वचन-परिवर्तन के नियम इन्हीं प्रत्ययों के लगने पर निर्भर करते हैं। जैसे-

1. **'-ए' प्रत्यय जोड़कर -** आकारान्त शब्दों के अंतिम 'आ' के स्थान पर '-ए' प्रत्यय लग जाता है।

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
लड़का	लड़के	गधा	गधे
रास्ता	रास्ते	बच्चा	बच्चे
कमरा	कमरे	मुर्गा	मुर्गे
दाना	दाने	भाला	भाले
कपड़ा	कपड़े	घंटा	घंटे
लोटा	लोटे	पैसा	पैसे

2. **'-एँ' प्रत्यय जोड़कर -** (क) व्यंजनान्त (-अ अन्त वाले) मूल शब्दों में 'अ' स्वर का लोप हो जाता है और उसके स्थान पर '-एँ' बहुवचन सूचक प्रत्यय लग जाता है। जैसे-

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
नहर	नहरें	बोतल	बोतलें
कलम	कलमें	दीवार	दीवारें
सड़क	सड़कें	चीज	चीजें
बाँह	बाँहे	पुस्तक	पुस्तकें

(ख) आकारान्त/ऊकारान्त/औकारांत आदि शब्दों में अन्तिम स्वर का लोप नहीं होता। अंतिम स्वर के बाद **'-एँ' प्रत्यय** जुड़ जाता है। ('अ' को ह्रस्व कर देते हैं) जैसे-

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
महिला	महिलाएँ	कथा	कथाएँ
कविता	कविताएँ	शाला	शालाएँ
वधू	वधुएँ	गौ	गौएँ
माता	माताएँ	दवा	दवाएँ

3. **'-आँ' प्रत्यय जोड़कर -** जब ईकारान्त संज्ञा शब्दों में '-आँ' बहुवचन सूचक प्रत्यय लगता है तो अंतिम स्वर 'ई' का परिवर्तन ह्रस्व 'इ' में हो जाता है तथा 'इ' और 'आँ' के मध्य 'य' व्यंजन का आगम हो जाता है, जैसे- दासी + आँ + य् + आँ → दासियाँ।

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
शक्ति	शक्तियाँ	गृहिणी	गृहिणियाँ
पंक्ति	पंक्तियाँ	स्त्री	स्त्रियाँ
नारी	नारियाँ	गली	गलियाँ
बुढ़िया	बुढ़ियाँ	रीति	रीतियाँ
लड़की	लड़कियाँ	नदी	नदियाँ


www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
मछली	मछलियाँ	नाली	नालियाँ
रानी	रानियाँ	लकड़ी	लकड़ियाँ
डिबिया	डिबियाँ	टोपी	टोपियाँ

4. **शून्य (ϕ) प्रत्यय जोड़कर** - शून्य प्रत्यय जोड़ने का अर्थ इतना ही है कि कुछ संज्ञा शब्दों के एकवचन और बहुवचन रूप समान रहते हैं। जैसे- पानी, प्रेम, प्यार, भय, क्रोध, दान।
5. हिंदी में कुछ शब्दों के बहुवचन बनाने के लिए मूल शब्दों के साथ 'वर्ग', 'वृंद', 'गण', 'लोग', 'जन' आदि समूहवाची शब्द जोड़ दिए जाते हैं, जैसे- कर्मचारी वर्ग, पक्षीवृंद, असभ्य लोग, विद्वज्जन, लेखकगण आदि।
6. हिंदी में कुछ शब्द हमेशा बहुवचन रूप में ही प्रयुक्त होते हैं, जैसे- आँसू, केश, समाचार, दर्शन, प्राण, हस्ताक्षर, बाल, लोग, प्रजा, रोम, होश आदि।
   (क) समाचार मिलते ही उसके **आँसू उमड़ पड़े**।
   (ख) **आपके दर्शन** के लिए लोग इकट्ठे हो गए हैं।
   (ग) उसके **प्राण न निकल सके**।
   (घ) **उसके बाल** बहुत घुँघराले हैं।
7. इसी तरह से कुछ ऐसे संज्ञा शब्द भी है जो हमेशा एकवचन में ही आते हैं, जैसे- क्रोध, क्षमा, छाया, प्रेम, जल, जनता, पानी, दूध, वर्षा, हवा, आग आदि।
   (क) इस वर्ष **वर्षा** नहीं होगी।
   (ख) **हवा** बहुत तेज़ चल रही थी।
   (ग) वहाँ **आग** जल रही थी।
8. **सम्मान** अथवा **आदर दिखाने के लिए** भी हिंदी में एकवचन संज्ञा शब्दों का प्रयोग बहुवचन के रूप में किया जाता है। जैसे -
   (क) **माता जी** दिल्ली जा रही हैं।
   (ख) **गांधी** इस देश के राष्ट्रपिता थे।
   (ग) **अध्यापक** कक्षा में पढ़ा रहे हैं।

कारक

- **परिभाषा–संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका सीधा संबंध क्रिया के साथ ज्ञात हो, वह 'कारक' कहलाता है।**



कारक-चिन्ह स्मरण करने के लिए सूत्र

कर्ता ने अरू कर्म को करण रीति से जान।
सम्प्रदान को, के लिए, अपादान से मान।
का, के, की, सम्बन्ध है, अधिकरणादिक में मान।
रे! हे! हो! सम्बोधन मित्र, धरहु यह ध्यान।।

पुनर्विलोकन

- शब्द भाषा की - **इकाई है : स्वतंत्र**
- शब्द की सत्ता है : **वाक्य से बाहर**
- शब्द रूप बनाने वाले प्रत्यय हैं : **दो (रूप साधक प्रत्यय, शब्द साधक प्रत्यय)**
- हिन्दी में संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया के विभिन्न रूपों की रचना होती है- **रूप साधक प्रत्ययों के अन्तर्गत**
- हिन्दी में तत्सम, तद्भव तथा विदेशी तीनों प्रकार के प्रत्यय मिलते हैं- **शब्द साधक या व्युत्पादक प्रत्यय में।**
- लड़का, लड़के, लड़कों, लड़कों में क्रमशः प्रत्यय हैं-**शून्य प्रत्यय, ए-प्रत्यय, ओ-प्रत्यय, ओं-प्रत्यय।**
- लड़का, रोटी का परिवर्तित रूप है-**लड़के, लड़कों, रोटियाँ, रोटियों।**
- कमरा, कथा का क्रमशः बहुवचन है- **कमरे, कथाएँ।**
- घर, घोड़ा, पाठक, सेवक, कमरा यह शब्द हैं- **पुंलिंग।**
- पानी, भालू, घर, धोबी, कवि के बहुवचन रूप हैं- **पानियों, भालुओं, घरों, धोबियों, कवियों।**
- दही जम गया है। वाक्य में लिंग है- **पुंलिंग।**
- दूध उबल चुका है। इस वाक्य में लिंग है- **पुंलिंग**
- डॉक्टर बुला रहे हैं। इस वाक्य में लिंग है- **उभयलिंगी शब्द**
- संयोजक, परिचायक, पाठक व लेखक में किस प्रत्यय का प्रयोग करने से स्त्रीलिंग बनेगा- **'इका' प्रत्यय।**
- लोटा, पैसा, बच्चा, मुर्गा का क्रमशः बहुवंचन है- **लोटे, पैसे, बच्चे, मुर्गे।**
- पूजा ने देवांग को मारा। इस वाक्य में कारक हैं- **'ने'।**
- मैं, मैंने, मुझसे, मुझमें 'एकवचन', पुरुषवाचक सर्वनाम का 'बहुवचन' सर्वनाम क्रमशः होगा-**हम, हमने, हमसे, हममें, हमें।**
- 'यह' निश्चयवाचक सर्वनाम 'एकवचन' का बहुवचन होगा- **ये।**
- 'किसी ने, किसी को, किसी पर' अनिश्चयवाचक सर्वमान एकवचन का बहुवचन होगा- **किन्हीं ने, किन्हीं को, किन्हीं पर।**

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

शब्द रूप से सम्बन्धित अध्यायवार प्रश्नकोश

1. कवि का स्त्रीलिंग शब्द है-
(a) कवित्री (b) कवियत्री
(c) कवयित्री (d) कवियित्री
उत्तर (c) : U.P. P.C.S. (Pre) - 2013

2. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द सदा बहुवचन में प्रयोग होता है?
(a) शिशु (b) भक्ति
(c) पुस्तक (d) प्राण
उत्तर (d) : U.P. P.C.S. (Pre.) - 2013

3. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है ?
(a) आय (b) व्यय
(c) नहर (d) लहर
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

4. कवि का स्त्रीलिंग होगा -
(a) कवियत्री (b) कवियित्री
(c) कवयित्री (d) कवियत्रि
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2002

5. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है –
(a) झुरमुट (b) अन्त्येष्टि
(c) इच्छा (d) निराला
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

6. निम्नलिखित में पुंलिंग शब्द है –
(a) सरसों (b) मकई
(c) सारस (d) मूँग
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

7. निम्नलिखित में पुंलिंग शब्द नहीं है –
(a) रत्न (b) मोती
(c) नकल (d) बचपन
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

8. निम्नलिखित शब्दों में किस एक का लिंग परिवर्तन हिंदी भाषा में प्रचलित नहीं है ?
(a) चाचा (b) बहन
(c) कोयल (d) भैंसा
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

9. निम्नलिखित शब्दों में कौन स्त्रीलिंग नहीं है ?
(a) रोटी (b) पूड़ी
(c) पानी (d) नदी
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

10. कारक के भेद हैं -
(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

11. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?
(a) सुबह (b) दोपहर
(c) सांझ (d) दिन
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

12. कर्ता के साथ 'ने' का प्रयोग न होना किस उपभाषा की प्रमुख विशेषता है ?
(a) पूर्वी हिन्दी (b) पश्चिमी हिन्दी
(c) राजस्थानी हिन्दी (d) पहाड़ी हिन्दी
उत्तर (a) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

13. 'कवि' का स्त्रीलिंग है :
(a) कविइत्री (b) कवित्री
(c) कवयित्री (d) कवियित्री
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

14. 'ऋषि' का स्त्रीलिंग है :
(a) ऋषिणी (b) ऋषिपत्नी
(c) ऋषिका (d) ऋषी
उत्तर (d) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

15. संज्ञाओं के साथ आने वाली विभक्तियों को क्या कहा जाता है ?
(a) संश्लिष्ट (b) विश्लिष्ट
(c) श्लिष्ट (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

16. हिन्दी भाषा में 'वचन' कितने प्रकार के हैं ?
(a) 3 (b) 2
(c) 4 (d) 5
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

17. लिंग की दृष्टि से 'दही' क्या है ?
(a) स्त्रीलिंग (b) पुंल्लिंग
(c) नपुंसकलिंग (d) उभयलिंग
उत्तर (b) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

18. निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्रीलिंग है ?
(a) उत्साह (b) चक्रव्यूह
(c) मृत्यु (d) संकल्प
उत्तर (c) : U.P. P.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

19. 'सुन्दरता' में संज्ञा है -
(a) व्यक्तिवाचक (b) समूहवाचक
(c) जातिवाचक (d) भाववाचक
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

20. 'मित्र' का भाववाचक है -
(a) बन्धुता (b) मीत
(c) मित्रता (d) शत्रुता
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

21. 'सो' है -
(a) प्रश्नवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) कोई नहीं
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

22. संज्ञा से बने विशेषण में से कौन सा अशुद्ध है -
(a) धन-धनिक (b) सुख-सुखी
(c) दिन-दैनिक (d) बंगाल-बंगाली
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

23. 'अरे जरा इधर तो आ' में से कौन सा अव्यव है-
(a) परिणाम वाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) विस्मयादिबोधक (d) कालवाचक
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

24. कौन सा स्त्रीलिंग है -
(a) मित्र (b) सूचना
(c) उपहार (d) अध्याय
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

25. पुल्लिंग और स्त्रीलिंग में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है -
(a) मोटा-मोटी (b) धोबी-धोविन
(c) दाता-दानी (d) तेली-तेलिन
उत्तर – (c) U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

26. 'भूखे को अन्न दो और प्यासे को जल ' वाक्य किस कारक का है ?
(a) सम्प्रदान (b) अपादान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2001

27. इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है -
(a) दया (b) निर्धनता
(c) बुढ़ापा (d) दुर्घटना
उत्तर (b) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2003

28. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है :
(a) घास (b) आय
(c) व्यय (d) नहर
उत्तर (c) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2004

29. निम्नलिखित शब्दों में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :
(a) सूची-पत्र (b) किताब
(c) गंगा (d) संसद
उत्तर (a) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2005

30. कर्म कारक के लिए प्रयुक्त होने वाला चिन्ह है :
(a) ने (b) के लिए
(c) से (d) को
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

31. 'राष्ट्र' की भाववाचक संज्ञा है
(a) राष्ट्री (b) राष्ट्रीय
(c) सौराष्ट्र (d) राष्ट्रीयता
उत्तर (d) : U.P. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2009

32. निम्न में कौन कथन सत्य नहीं है:
(a) संस्कृत में तीन वचन होते हैं
(b) हिन्दी में दो वचन होते हैं
(c) हिन्दी में दो लिंग होते हैं
(d) संस्कृत में हिन्दी की तरह दो लिंग होते हैं।
उत्तर (d) : UP. T.G.T. (Hindi) Exam. - 2013

33. 'साधु' का स्त्रीलिंग शब्द है :
(a) साधुनी (b) साध्वी
(c) साधु आईन (d) साधुवाइनि
उत्तर (b) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

34. निम्नलिखित ईकारात शब्दों में एक पुंलिंग है, उसे चयनित कीजिए :
(a) पानी (b) नदी
(c) रोटी (d) बकरी
उत्तर (a) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

35. 'मैं काम से जा रहा हूँ' वाक्य में 'से' का कारक है :
(a) संप्रदान (b) करण
(c) अपादान (d) अधिकरण
उत्तर (b) : U.P.S.D.I. Exam. - 2006

36. संज्ञा का प्रकार नहीं है-
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) देशवाचक (d) भाववाचक
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

37. 'भाववाचक संज्ञा' के अन्तर्गत आते हैं
(a) पशु-पक्षी आदि (b) गुण-दोष आदि
(c) दिशाएँ आदि (d) आभूषण आदि
उत्तर (b) : R.T.E.T.-2011, IInd Paper

38. किस समूह में सभी सर्वनाम प्रश्नवाचक हैं?
(a) कौन, क्या, किसने (b) जो, कोई, वह
(c) जिनका, जो, किनका (d) जिन्होंने, उन पर, उसको
उत्तर (a) : R.T.E.T.-201i, IInd Paper

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

39. 'पुस्तक' में कौन विशेषण बनेगा?
(a) पुस्तकालय (b) पुस्तकें
(c) पुस्तकीय (d) पुस्तकों
उत्तर (c) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

40. 'मदन काली पतलून पहनकर खेलने आया' में विशेषण है-
(a) काली (b) पतलून
(c) मदन (d) खेलने
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

41. निम्न में से कौन-सा पाठ्यपुस्तक का गुण नहीं है?
(a) सोद्देश्यता (b) उपयुक्तता
(c) अशुद्धता (d) क्रमबद्धता
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, II[nd] Paper

42. हिन्दी के शब्दों का लिंग-निर्धारण किसके आधार पर होता है?
(a) प्रत्यय (b) संज्ञा
(c) क्रिया (d) सर्वनाम
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

43. कारक के कितने भेद होते हैं?
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10
उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

44. 'हरियाली' है-
(a) जातिवाचक संज्ञा (b) समूहवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) विशेषण
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

45. लोगों ने शोरगुल करके डाकुओं को भगाया।
उपरोक्त वाक्यों कारक बताइए।
(a) कर्त्ता कारक (b) करण कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) कर्म कारक
उत्तर (d) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

46. 'को' और 'के लिए' किस कारक के चिह्न है?
(a) सम्प्रदान कारक (b) कारण कारक
(c) अपादान कारक (c) संबोधन कारक
उत्तर (a) : R.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

47. लड़का पेड़ से गिरा॥
उपरोक्त वाक्य में कारक बताइए।
(a) सम्प्रदान कारक (b) कर्म कारक
(c) अपादान कारक (d) कारण कारक
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

48. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-विशेषण युक्त वाक्य कौन-सा है?
(a) मैं कल नहीं जाऊँगा (b) यह फूल सुन्दर है
(c) हवा धीरे-धीरे बह रही है (d) आज हम स्कूल जाएँगे
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

49. कवि का स्त्रीलिंग है-
(a) कविइत्री (b) कवित्री
(b) कवयित्री (d) कवियित्री
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

50. रीतिवाचक 'क्रिया विशेषण' है-
(a) अत्यन्त (b) आजकल
(c) कदाचित् (d) बाहर
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

51. निम्नलिखित में 'पुल्लिंग' शब्द है-
(a) बुढ़ापा (b) जड़ता
(c) पटना (d) दया
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

52. कौन-सा शब्द 'अव्यय 'नहीं है?
(a) आज (b) कल
(c) इधर (d) किसे
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2013, I[st] Paper

53. 'पेड़ पर पक्षी बैठे हैं।' इस वाक्य में 'पेड़ पर' पद में कौन-सा कारक है?
(a) करण (b) अपादान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण
उत्तर (d) : U.P.T.E.T.-2013, II[nd] Paper

54. "वह आजकल दिल्ली में है'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द है-
(a) क्रिया विशेषण (b) अव्यय
(c) सर्वनाम (d) क्रिया
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2013, II[nd] Paper

55. 'वीर' का स्त्रीलिंग है-
(a) वारांगना (b) वीरगति
(c) वीरांगना (d) वीरावती
उत्तर (c) : H.T.E.T.-2011, II[nd] Paper

56. 'बुढ़ापा' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?
(a) जातिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (b) : U.P.T.E.T.-2014, II[nd] Paper

57. 'दाता' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या है?
(a) दाती (b) दातृ
(c) दात्री (d) यात्री
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2014, I[st] Paper

58. 'लड़का पेड़ से गिरा' में कौन-सा कारक है?
(a) अपादान कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) कर्म कारक (d) अधिकरण कारक
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2014, I[st] Paper

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

59. निम्न शब्द में अधिकरण-कारक का प्रयोग हुआ?
(a) वाहनारूढ़ (b) सत्ताधीश
(c) गंगाजल (d) रेखाचित्र
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2014, I[st] Paper

60. 'को' से किस कारक चिह्न का बोध होता है?
(a) कर्म कारक (b) करण कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) अधिकरण कारक
उत्तर (a) : U.P.T.E.T.-2014, I[st] Paper

61. 'हे राम! तुम कहाँ हो' वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) संबंध (b) अधिकरण
(c) सम्बोधन (d) अपादान
उत्तर (c) : U.P.T.E.T.-2014, II[nd] Paper

62. 'कर्म कारक' का चिह्न है-
(a) ने (b) से, द्वारा
(c) को (d) को, के लिये, हेतु
उत्तर (c) : U.P. T.E.T. Exam. -2015

63. 'बाजार' से किस संज्ञा का बोध होता है?
(a) भाववाचक (b) समूहवाचक
(c) जातिवाचक (d) व्यक्तिवाचक
उत्तर (b) : U.P. T.E.T. Exam. -2015

64. 'ठठेरा' शब्द का लिंग परिवर्तित कीजिए।
(a) ठठेरी (b) ठठारी
(c) ठठेरिन (d) ठठेरिनी
उत्तर (c) : U.P. राजस्व लेखपाल, परीक्षा -2015

65. 'खूँटी' शब्द का बहुवचन बताइए।
(a) खूँटियाँ (b) खूँटियों
(c) खूँटिया (d) खूँटियौं
उत्तर (a) : U.P. राजस्व लेखपाल, परीक्षा -2015

66. 'वह अगले साल आएगा'- इस वाक्य में कौन-सा कारक हैं?
(a) अपादान कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्म कारक
उत्तर (c) : U.P. राजस्व लेखपाल, परीक्षा -2015

67. 'विद्वान' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?
(a) विदुषी (b) विद्वंती
(c) विद्यामती (d) विद्यावंती
उत्तर (a) : U.P. राजस्व लेखपाल, परीक्षा -2015

68. 'चाकू' शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) चाकूएँ (b) चाकुओं (c) चाकुओ (d) चाकू
उत्तर (d) : U.P. राजस्व लेखपाल, परीक्षा -2015

69. सीमा कुत्ते से डरती है। इस वाक्य में कौन सा कारक है?
(a) अपादान कारक (b) करण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बोधन कारक
उत्तर (a) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

70. "ऐ राकेश! यहाँ आओ" इस वाक्य में कौन सा कारक है?
(a) अधिकरण कारक (b) सम्बोधन कारक
(c) कर्त्ता कारक (d) करण कारक
उत्तर (b) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

71. जो करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द क्या है?
(a) क्रिया विशेषण (b) संकेत-वाचक सर्वनाम
(c) संबंध वाचक सर्वनाम (d) गुण वाचक सर्वनाम
उत्तर (c) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

72. "गरीबों की सहायता करो। "गरीब" शब्द क्या है?
(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा
उत्तर (c) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

73. निम्नलिखित में से कौन सी भाववाचक संज्ञा है?
(a) भारत (b) लड़का
(c) मित्रता (d) पेड़
उत्तर (c) : विधान भवन रक्षक, परीक्षा -2015

74. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर (a) : U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam.-2016

75. 'कुर्सी पर मास्टर जी बैठे हैं' इस वाक्य में 'कुर्सी' शब्द किस कारक में है?
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान
(c) संबंध (d) अधिकरण
उत्तर (d) : U.P.S.S.S.C. (Lower-II) Exam.-2016

76. 'रमा विद्यालय से घर जाती है' में कारक है
(a) अपादान (b) कर्त्ता
(c) कर्म (d) सम्बन्ध
उत्तर (a) : Uttrakhand (S.I.) Exam.-2015

77. 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग है-
(a) नायिका (b) नायकी
(c) नायिकाएँ (d) नायंकि
उत्तर (a) : Uttrakhand (S.I.) Exam.-2016

78. राजा सेवक को कम्बल देता है, वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सा कारक हैं?
(a) कर्म कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) सम्पादन कारक (d) कर्त्ता कारक
उत्तर (c) : U.P.S.S.C. R.I.(I[st]), Exam.-2016

79. 'राम की गाय चरती है' वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) कर्त्ता (b) कर्म
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण
उत्तर (c) : U.P.S.S.S.C. राजस्व निरीक्षक, Exam.-2016

www.awillguru.com
Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

80. "वह लाचार है, क्योंकि यह अन्धा है।" इस वाक्य में कौन सा अव्यय है?
(a) परिणामवाचक (b) सम्बन्धवाचक
(c) संकेतवाचक (d) कारणवाचक
उत्तर (d) : चकबन्दी (सामान्य चयन) परीक्षा-2015

81. जातिवाचक संज्ञा शब्द है-
(a) कामायनी (b) आम
(c) रसीला (d) वकील
